Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding non- payment of arrears of GPF/PPF of workers of erstwhile Vinod Mill, Ujjan.

श्री अनिल फिरोजिया : अध्यक्ष जी, सही बात है यहां पोल आ रहा है । माननीय अध्यक्ष जी, उज्जैन में एक विनोद मिल हुआ करती थी जो तीस सालों से बंद पड़ी है, उस मिल में काम करने वाले मजदूरों का जो पैसा था, उनका जो जी.पी.एफ. या पी.एफ का पैसा था, वह उन्हें आज तक नहीं मिला । वे कोर्ट की लड़ाई लड़ते-लड़ते सुप्रीम कोर्ट से भी केस जीत गए हैं । माननीय श्रम मंत्री जी भी यहां पर बैठे है । मेरा आपसे निवेदन है कि मध्य प्रदेश सरकार में हस्तक्षेप करके उन मजदूरों का पैसा दिलाने की कृपा करे…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: संसदीय कार्य मंत्री जी कह रहे हैं कि जो पोल के पीछे बैठता है, वह बड़ा आदमी बनता है ।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): यह अनुभव आपका भी रहा है और प्रहलाद जोशी जी का भी रहा है ।

माननीय अध्यक्ष: हाँ मैं भी पांच साल पोल के पीछे ही बैठता था ।

श्री अर्जुन राम मेघवाल: हां, तो जो पीछे बैठते हैं, वे बड़े आदमी बनते हैं ।

श्री अनिल फिरोजिया : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा यह निवेदन है कि उस मिल के आधे मजदूर इस दुनिया से इस उम्मीद के साथ चले गए हैं कि उनका पैसा उन्हें मिलेगा । आप राजा विक्रमादित्य की जगह बैठे हैं । उनके साथ न्याय हो, उन्हें उनकी मेहनत का पैसा मिल जाए तो वे बहुत दुआएं देंगे । मेरा आपसे निवेदन है कि आप मध्य प्रदेश सरकार को आदेशित करें ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को **श्री अनिल फिरोजिया** द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।